>

Title: Need to check the incidents of infiltration on Indo-Balgladesh border.

श्रीमती दर्शना जरदोश (सूरत): हाल ही में असम में हुई हिंसा हमारे देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए एक नई चुनौती बनकर उभर सकती है।

बांग्लादेश की सीमा से घुसपैठ करके भारी संख्या में बांग्लादेशी नागरिक हमारे देश में अवैध रूप से आ रहे हैं और हमारे देश में गैर-कानूनी और आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। हाल ही में असम में हुई हिंसा इसका एक ताजा उदाहरण है।

हमारे देश में अवैध रूप से आए हुए बांग्लादेशी नागरिकों को राज्य सरकारें पकड़कर वापस भेजने का प्रयत्न करती हैं तो कई बार ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं कि अवांछित तत्व पैसे लेकर उन्हें वापस भारत की सीमा में प्रवेश करा देते हैं। कई बार बांग्लादेश की सरकार उन्हें अपने नागरिकों के रूप में स्वीकार भी नहीं करती जो कि हमारी पुलिस के लिए सरदर्द साबित हो रहा है।

असम में मुख्यमंत्री का यह बयान काफी दुखभरा है जिसमें उन्होंने केन्द्र सरकार पर आरोप लगाया है कि उन्हें केन्द्रीय सुरक्षा बलों की सेवा भारत सरकार की तरफ से काफी विलम्ब से मिली।

इन पहलुओं पर सरकार को अति गंभीरता से विचार करते हुए इस दिशा में आवश्यक एवं ठोस कदम शीघ्र उठाने का अनुरोध है।